Title : Regarding Need to provide financial assistance to the Government of Uttar Pradesh for providing compensation to the farmers whose crops have been affected due to flow of water from Karai dam at Jhansi-Jalaun border.

(vii) **Need to provide financial assistance to the Government of Uttar Pradesh for providing compensation to the farmers whose crops have been affected**

due to flow of water from Karai dam at Jhansi-Jalaun border

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : अध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र जालौन - गरौठा में नवम्बर माह में प्रारंभ होते ही झांसी-जालौन सीमा पर स्थित करई बांध के कटने के भय के कारण बांध के चारों पट्यिन खोल दिये जाने के कारण से किशुनपुरा, परैथा, पुलैला, इमलौरी, खैरी, सेता, देवगांव, मोपता, इमिलिया आदि एक दर्जन से अधिक गांवों की फसल जलमग्न होकर सड़ गयी है। किसानों ने पांच हजार रूपया कुन्टल का अररिल तथा अन्य बीज बोया था, पलेवा किया, खाद दिया और सम्पूर्ण परिश्रम बेकार हो गया है।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि करई बांध से निकलने वाले पानी का स्थायी समाधान किया जाये तथा वर्तमान में हुई किसानों की करोड़ों रूपये की क्षतिपूर्ति की जाये, जिससे किसानों को राहत मिल सके। इसके लिए राज्य सरकार को आवश्यक धन उपलब्ध कराया जाये।